# विवाद के चलते विवाहिता ने घर में लगाई आग

## कीमती सामान जलकर राख, दी तहरीर

शाह टाइम्स संवाददाता

**जोया।** थाना क्षेत्र के एक गांव में पारिवारिक विवाद ने मंगलवार शाम गंभीर रूप ले लिया। दो वर्ष पूर्व किसान के बेटे से शादी हुई विवाहिता ने गुस्से में घर में रखे सामान को आग के हवाले कर दिया। आग की लपटों में वैड, चारपाइयाँ, लिहाफ-गद्दे, फर्नीचर, बैट्री-इन्वर्टर सहित घर का अधिकांश सामान जलकर राख हो गया। घटना के दौरान मोहल्ले के लोग मौके पर पहुंचे और पानी डालकर आग पर काबू पाने की कोशिश की। काफी मशक्कत के बाद आग बुझाई जा सकी, लेकिन तब तक भारी नुकसान हो चुका था। विवाहिता के ससुर थाने पहुंचे और तहरीर देकर बहू पर गाली-गलौज, मारपीट और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी का आरोप लगाया है। उन्होंने मामले में उचित कार्रवाई की मांग की है। पुलिस तहरीर के आधार पर प्रकरण की जांच कर रही है।

# आर्मी में चयन होने पर किया स्वागत

शाह टाइम्स संवाददाता

**रहरा।** 20 वर्षीय युवक का आर्मी में चयन होने से गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। नव चयनित युवक का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। गांव में अर्से बाद युवक ने सरकारी नौकरी हासिल कर दूसरे नंबर पर स्थान बनाया है।

मंगलवार को क्षेत्र के गांव भगवानपुर में उस समय खुशी की लहर दौड़ गई। जब बीस वर्षीय दीपांशु ने आर्मी में चयनित होकर गांव समेत क्षेत्र भर का नाम रोशन कर दिया। बताया जा रहा है कि गांव भगवानपुर में अर्से पहले मास्टर धर्मपाल सिंह सरकारी पद पर चयनित हुए थे। इसके बाद कार्यकाल समाप्त होने के बाद उनका काफी समय पहले निधन हो चुका है। उसके बीच गांव में कोई भी युवा का सरकारी नौकरी के लिए चयन नहीं हो सका था। काफी मेहनत करने के बाद भी गांव में युवक बे-रोजगार ही घूमते देखे जा रहे थे। जहां अपनी



मेहनत लगन एवं विश्वास को बनाए रखते हुए दीपांशु पुत्र रामनिवास ने आर्मी अग्नि वीर जीडी में चयनित होकर गांव समेत क्षेत्र भरकर का नाम रोशन किया है। इस दौरान रिंकू चौहान, प्रदीप चौहान, सुमित चौहान, खूबचंद चौहान, शशि चौहान, कनक चौहान समेत समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे।

# एसआईआर कार्यक्रम को बूथ डे के रूप में मनाया

## नए मतदाताओं के भरवाए गए फार्म-6

शाह टाइम्स संवाददाता

**हसनपुर।** एसआईआर कार्यक्रम को बूथ डे के रूप में मनाया गया। एसआईआर कराने के लिए अंतिम समय में बूथों पर मतदाताओं की भीड़ लगी रही। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की नामाव. लियों के लिए एसआईआर कार्यक्रम इस समय गतिमान है। मंगलवार को विधानसभा क्षेत्र के भूतों पर एसआईआर कार्यक्रम को बूथ डे के रूप में मनाया गया। बूथ डे के दौरान ऐसे सभी मतदाताओं को जो अपने गणना पत्र किन्हीं कारणों से नहीं भर पाये थे। वह गणना पत्रक भरने में 2003 की मतदाता सूची से संबंधित सूचना नहीं भर पाये थे। ऐसे वोटरों ने बूथ पर आकर अपने-अपने पत्रको को भरवारा। इस दौरान निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ने जो वोटर अपना नाम मतदाता सूची में शामिल करवाना चाहते हैं वह फॉर्म नंबर 6 भर कर जमा कर सकते हैं। यदि किसी मतदाता का नाम सूची में गड़बड़ है तो वह सही करवाने के लिए फॉर्म नंबर 8 भर कर अपने बीएलओ के पास जमा कर सकते हैं।

# आवारा पशुओं व कुत्तों को पकड़ाया जाए

## भाकियू की पंचायत में उठी मांग



शाह टाइम्स संवाददाता

**हसनपुर।** भारतीय किसान यूनियन ने आवारा पशुओ एवं कुत्तों को अति शीघ्र पकड़वाये जाने की मांग की है। बुधवार को मंडी समिति परिसर में भारतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत का आयोजन किया गया। जिसमें बोलते हुए वक्ताओं ने कहा कि प्रशासन आवारा पशुओं व कुत्तों को जल्द पकवाये, क्योंकि किसानों को यह परेशान कर रहे हैं। चीनी मिल हसनपुर में जो कम पर्ची वाले किसान है मिल द्वारा किसानों की पर्ची समय से पूर्व देकर गेहूं की बुवाई करवाने में सहयोग किया जाये। उन्होंने कहा कि ओटीसी योजना सरकार द्वारा जारी की गई है। सभी विद्युत उपभोक्ता समय से ओटीस का लाभ उठाकर बिल जमा कर दे। उन्होंने कहा कि जो भी किसानों की समस्याये हैं उनका जल्द समाधान किया जाये। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष काले सिंह, योगेंद्र सिंह, शीशपाल सिंह, महिपाल सिंह, विपिन चौधरी हरसरन सिंह, कुशल चौधरी, सीता आर्य, गंगाराम, सागर सिंह आदि मौजूद थे।

# संस्था के उत्थान को लेकर होगा विचार मंथन

शाह टाइम्स संवाददाता

**गजरौला।** सरस्वती शिशु मंदिर की साधारण सभा के आजीवन सदस्यों की बैठक का आयोजन 11 दिसम्बर को दुपहर ढाई बजे होगा, जिसमें संस्था में निर्माण कार्यों की प्रगति सहित अन्य बिंदुओं पर विचार विमर्श किया जायेगा।

प्रबन्धक कपिल कुमार सिंघल ने बताया कि संस्था में निर्माण कार्यों की प्रगति, धन संग्रह, संविधान के अनुरूप नए आजीवन सदस्य बनाने, संस्था का बिजली का बकाया बिल जमा कराने, नए सत्र से प्ले क्लास शुरू कराने, नए सत्र में नए प्रधानाचार्य एवं नए स्टाफ की नियुक्ति पर चर्चा, सीसीटीवी कैमरे, बच्चों को आने-जाने के लिए वाहन की व्यवस्था, नवीन सत्र 2025 -2026 से पहले विद्यालय में 15 किलो वाट का सौर ऊर्जा प्लांट सांसद/ विधायक निधि से लगवाने पर विचार, जुबिलेंट भरतिया फाऊंडेशन के द्वारा 20 कंप्यूटर की लैब के बारे में चर्चा, नगर पालिका परिषद गजरौला द्वारा विद्यालय के बाहर के नालों का निर्माण एवं सौंदर्यकरण के विचार पर चर्चा आदि समेत अन्य बिंदुओं पर चर्चा एवं विचार किया जायेगा।

# एसपी ने अपराध नियंत्रण पर दिया जोर

## कार्यालय में की कानून व्यवस्था की समीक्षा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**अमरोहा।** एसपी अमित कुमार आनंद ने कानून व्यवस्था की बैठक लेते जनपद में टॉप-टेन अपराधियों व चिन्ति माफियाओं के खिलाफ की गयी कार्रवाई की समीक्षा की।

मंगलवार को एसपी अमित कुमार आनंद द्वारा, एएसपी अखिलेश भदौरिया की उपस्थिति में पुलिस कार्यालय सभागार कक्ष में सैनिक सम्मेलन/मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। एसपी ने सैनिक सम्मेलन में जनपद के सभी थानों व शाखाओं से आये पुलिसकर्मियों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी की तथा उनके निस्तारण के लिए संबंधित को निर्देशित किया। अपराध गोष्ठी में के दौरान एसपी ने जिले में टॉप-10 अपराधियों व चिन्हित माफिया के खिलाफ की गई कार्यवाही की समीक्षा की। अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण पर जोर दिया। शातिर अपराधियों को चिन्हित कर उनकी हिस्ट्रीशीट खोलने, जिला बदर/गुंडा एक्ट व गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही करने एवं अनावरण के लिए शेष अभियोगों की समीक्षा, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन व आईजीआरएस प्रार्थना पत्रों की निष्पक्ष समयबद्ध जांच का निर्देश दिया। अपराधिक इतिहास वाले शस्त्र लाईसेंस धारकों के शस्त्र निरस्तीकरण की कार्यवाही, इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी, अवैध शराब, जुआ/सट्टा व मादक पदार्थों की बिक्री आदि संगठित अपराधों पर पूरी तरह रोक लगाने का निर्देश सभी थाना प्रभारियों को दिया। थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्रों द्वारा महिला ओं व बालिकाओं को प्रदान की जा रही सहायता, परामर्श व त्वरित कार्रवाई की भी समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान सभी सीओ, प्रतिसार निरीक्षक, प्रभारी निरीक्षक एलआईयू आदि मौजूद रहे।

# कॉप आफ दि मंथ में धनौरा में पुलिस अव्वल



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने नवंबर माह के कॉप ऑफ द मंथ की घोषणा करते हुए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले पुलिस अधिकारियों को सम्मानित किया। सबसे अधिक 1964 अंक अर्जित कर थाना मण्डी धनौरा के प्रभारी निरीक्षक बालेन्द्र सिंह पूरे जिले में प्रथम स्थान पर रहे। उन्होंने 23 वारंटी गिरफ्तारी, गंभीर मामलों में दोषसिद्धि, 7 वाहन नीलामी व 25 सीसीटीवी कैमरे लगवाकर उल्लेखनीय कार्य किए। सर्किलवार श्रेष्ठ उपनिरीक्षकों में संदीप मलिक (नगर), सुभाष बालियान (नौगांवा), और विपिन तोमर (धनौरा) को प्रथम स्थान मिला। वहीं रहरा, डिडौली, रजबपुर व हसनपुर समेत अन्य थानों ने भी विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

# महिलाओं को दी सुरक्षा व हेल्पलाइन की जानकारी

## आयुष्मान अरोग्य मन्दिर में गोष्ठी

शाह टाइम्स संवाददाता

**जोया।** आयुष्मान आरोग्य मंदिर में आयोजित गोष्ठी में मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं को सुरक्षा, हेल्पलाइन नंबरों और जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।

पायती कलां गांव के आयुष्मान आरोग्य मंदिर में आयोजित गोष्ठी में महिलाओं को जागरुक किया गया। महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। मिशन शक्ति केंद्र प्रभारी कंचन टोलिया द्वारा मय एंटी रोमियों टीम जिसमें महिला हेड कांस्टेबल अरुणिमा वर्मा, कांस्टेबल सोनपाल व बीट की महिला कांस्टेबल पूजा बालियान ने




डॉ क्टर, एएनएम, आशा वर्कर व गांव की अन्य महिलाओं संग संवाद कर उनसे समस्याओं के बारे में जानकारी ली। और उन्हें विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों से अवगत कराया। इनमें 1090 (वूमेन पावर), 181 (महिला हेल्पलाइन), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन), 112 (पुलिस हेल्पलाइन) और 101 (फायर ब्रिगेड) शामिल थे। साइबर अपराध से बचाव और शिकायत के लिए 1930 साइबर हेल्पलाइन के उपयोग की भी जानकारी दी गई। इसके अलावा केंद्र व राज्य सरक ार की कई जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इनमें सुकन्या समृद्धि योजना, वृद्धा पेंशन योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उज्ज्वला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना और आयुष्मान भारत योजना शामिल थीं। थाने पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र एवं महिला हेल्प डेक्स तथा साइबर हेल्प डेक्स के बारे में भी बताया गया।

# गर्भवती महिलाओं के लिए लगाया कैम्प

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में निशुल्क गर्भवती महिलाओं के लिए कैंप आयोजित कर करीब पचास गर्भवती महिलाओं की जांच परीक्षण किया गया। मंगलवार को शासन के निर्देशानुसार नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा अधीक्षक डॉ धुर्वेन्द्र सिंह के नेतृत्व में गर्भवती महिलाओं के लिए जांच परीक्षण स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें आरती शर्मा ने बताया कि करीब पचास गर्भवती महिलाओं ने हिस्सा लिया और मेडिकल ऑफिसर ने काला पीलिया, बीपी, एचपी, बेबी स्वास्थ्य समेत जरूरी जांच परीक्षण किया गया। और परामर्श के बाद बेहतर स्वास्थ्य के लिए जरूरी दवाइयां दी गईं। जहां सीएचसी केंद्र में महिलाएं चिकित्सक बेहतर स्वास्थ्य के विषय में जानकारी दे रही थीं। चिकित्सकों द्वारा महिलाओं एवं बेबी के बेहतर स्वास्थ्य के लिए उनको जरूरी दवाइयां निशुल्क रूप से दी गई हैं। इस दौरान भारी संख्या में चिकित्सा स्टाफ मौजूद रहा।

# समय पर कराया जाए प्रंबध समिति का चुनाव

## एसडीएम कार्यालय में सौंपा ज्ञापन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हसनपुर।** मंगलवार को आदर्श इंटर कॉलेज कुटी दौलतपुर की साधारण सभा के आजीवन सदस्यों और क्षेत्रवासियों ने एसडीएम की गैर मौजूदगी में उनके कार्यालय में ज्ञापन सौंप दिया।

बुधवार को दिये गये ज्ञापन में विद्यालय प्रबंध समिति के आगामी चुनाव को निर्धारित तिथि 14 दिसंबर और 21 दिसंबर को ही कराये जाने की मांग की गई है। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया है कि जिला विद्यालय निरीक्षक अमरोहा ने प्रबंध समिति के अनुरोध पर चुनाव की अनुमति दी है। लेकिन कुछ असामाजिक तत्व चुनाव को स्थगित कराना चाहते हैं। ज्ञापन में स्पष्ट किया गया कि पूर्व प्रधानाचार्य पर लगाये गये आरोप पूरी तरह



निराधार हैं। इन आरोपों की जांच डीआईओएस द्वारा नियुक्त तीन-सदस्यीय समिति और विद्यालय प्रबंध समिति द्वारा गठित समिति दोनों कर चुकी हैं। और दोनों समितियों ने आरा. `पों को बेबुनियाद पाया है। सदस्यों ने बताया कि पूर्व प्रधानाचार्य 38 वर्षों तक कॉलेज के प्रधानाचार्य रहे और उन्हीं के कार्यकाल में विद्यालय का सर्वांगीण विकास हुआ। आजीवन सदस्यों ने आरोप लगाया कि कुछ निजी स्वार्थी तत्व अनुचित दबाव बनाकर और पूर्व में अवैध वसूली तथा मानसिक शोषण करके चुनाव प्रक्रिया को बाधित कर अपना स्वार्थ सिद्ध करना चाहते हैं। ज्ञापन में छात्र-छात्राओं के भविष्य को देखते हुए और 202 जीवित सदस्यों के हित में चुनाव को निर्धारित तिथि पर निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने की मांग की गई है। ज्ञापन देने वालों में संजय सिंह, धीरज सिंह, सुरेंद्र सिंह, बाबू सिंह, महेंद्र सिंह, अरविंद शर्मा, ब्रह्मपाल और राजीव आदि शामिल थे।

# किसानों को दिन के समय दी जाए बिजली



**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा।** भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) की बैठक ब्लॉक गंगेश्वरी रहरा परिसर में आयोजित की गई, जिसमें किसानों ने मांग की कि क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे आवारा पशुओं को पकड़कर गौशाला भेजा जाए, ताकि फसलों को होने वाले नुकसान पर रोक लग सके। इसके साथ ही उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में चल रही सड़क मरम्मत पर सवाल उठाते हुए कहा कि मानक के अनुसार सामग्री का प्रयोग नहीं हो रहा है और कार्य में निकृष्ट सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। किसानों ने जोर दिया कि सर्दी के मौसम को देखते हुए बिजली आपूर्ति रात में न देकर दिन में कम से कम 12 घंटे दी जाए, ताकि वे दिन में ही फसलों की सिंचाई कर सकें। बैठक में जिला अध्यक्ष चौधरी कवेंद्र सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष गंगेश्वरी अजब सिंह, अजय पाल, बालवीर, जगपाल, महिपाल सहित कई किसान मौजूद रहे।

# प्रेमी ने की थी महिला की हथौड़ा मारकर निर्मम हत्या, पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा

शाह टाइम्स संवाददाता

**पीलीभीत।** दो दिन पूर्व हथौड़ा मारकर हुई महिला की निर्मम हत्या के आरोपी को थाना माधोटांडा पुलिस द्वारा आलाकत्ल सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। मंगलवार को थाना माधोटांडा पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना माधोटांडा पर पंजीकृत 325/2025 धारा 103(1) बीएनएस में वांछित अभियुक्त मुकेश मंडल पुत्र देव प्रसाद मंडल निवासी ग्राम नगरिया खुर्द कलां थाना माधोटांडा जनपद पीलीभीत को खटीमा जाने वाली सड़क पर सुखदासपुर मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। 7 दिसंबर को लवप्रीत सिंह पुत्र स्व. सुरवेग सिंह निवासी ग्राम पुरैना थाना माधौटोंडा जनपद पीलीभीत द्वारा अपनी माता मंजीत कौर की हत्या के संबंध में थाना माधौटोंडा पर मुकेश मंडल मुकदमा पंजीकृत कराया गया। अभियुक्त मुकेश मंडल पिछले 6 वर्षों से मृतका के साथ उसके घर पर रह रहा था तथा दोनों के बीच पति-पत्नी जैसे संबंध थे। मृतका के बच्चों को इस बात की जानकारी थी। पिछले 2 माह से मृतका अभियुक्त को घर से निकल जाने को कह रही थी, जिससे अभियुक्त मानसिक रूप से परेशान था, साथ ही रिश्ते को लेकर परिवार व गांव में बदनामी भी हो रही थी। 7 दिसंबर को सुबह करीब 6 बजे मृतका बरामदे में खाना बना रही थी, इसी दौरान विवाद होने पर अभियुक्त ने हथौड़े व धारदार हथियार से प्रहार कर उसकी हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया था।

# जनसुनवाई प्रकरणों के निस्तारण में जनपद को प्रदेश में प्रथम रैंक हुई प्राप्त

**पीलीभीत।** जनपद पीलीभीत को जनसुनवाई प्रकरण के निस्तारण में प्रदेश में प्रथम रैंक प्राप्त हुई है एवं जनपद की तहसील पूरनपुर, अमरिया एवं तहसील बीसलपुर को प्रथम रैंक प्राप्त हुई है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को बधाई दीं और कहा कि आगे भी जनपद का नाम प्रदेश की सूची में प्रथम स्थान पर बना रहे। प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण करें, जिससे कि रैंक अच्छी बनी रहे।

# दूसरे का गाटा जोड़कर धान की तौल कराने वाले किसान व क्रय करने वाले कर्मचारियों पर होगी कार्यवाही



**पीलीभीत।** जनपद में चल रही धान खरीद पर अपर जिला. धिकारी वित्त एवं राजस्व जिला खरीद अधिकारी प्रसून द्विवेदी ने बताया कि जनपद में अब तक कुल 13863 किसानों से 107847.59 मी. टन धान क्रय हो चुका है। किसानों को अब तक 22065 लाख रुपए का भुगतान किया जा चुका है जो कुल क्रय धान के भुगतान का 89 प्रतिशत है। 93 प्रतिशत किसानों का 48 घण्टों में भुगतान किया जा रहा है। जिन किसानों के बैंक खाते एनपीसीआई मैपिंग नहीं है उनको बैंक भेजकर मैपिंग कराकर पीएफएमएस पोर्टल पर प्रोसेस कराकर भुगतान किया जा रहा है। जनपद में अभी 1 हजार गांठ बोरा (5 लाख बोरे) उपलब्ध हैं। जनपद में सभी धान क्रय केन्द्रों पर बोरों की पर्याप्त उपलब्धता है। सभी क्रय संस्थाओं के पास किसानों को किये जाने वाले भुगतान की पर्याप्त उपलब्धता है। जनपद में अब तक तहसील स्तर, जिले स्तर के यथा उप जिलाधिकारी/ तहसीलदार/नायब तहसीलदार/एडीसीओ/एएमओ द्वारा तथा जनपद स्तर पर जिलाधिकारी महोदय, अपर जिलाधिकारी, सभी क्रय एजेन्सियों के जिला स्तरीय अधिकारी के साथ ही मण्डल स्तर के अधिकारियों द्वारा समय समय पर धान क्रय का निरीक्षण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि धान क्रय केन्द्रों पर किसानों द्वारा विक्रय किये गये धान में कोई असु. विधा/धनराशि की मांग/अन्य कोई परेशानी/सुझाव के लिए रैण्डम आधार पर जिलाधिकारी कन्ट्रॉल रूम द्वारा 5241 किसानों से उनके मोबाइल नम्बर पर सम्पर्क किया गया जिसमें उनके द्वारा दिये गये फीडबैक के आधार पर कार्यवाईयां की जा रही है। अब तक जन सुनवाई पोर्टल/कन्ट्रोल रूम/टोल फ्री/अन्य शिकायत प्लेटफार्म पर आये 428 शिकायतों में से 362 शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व रियल टाइम निस्तारण किया गया। जिन राइस मिलों ने क्रय केन्द्र से एग्रीमेन्ट नहीं किया है तथा जिन राइस मिलों द्वारा एफआरके ऑर्डर नहीं किया है उन राइस मिलों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। समय से सन्तोषजनक उत्तर प्राप्त नहीं होता है तो उनके विरूद्ध ब्लैक लिस्ट की कार्यवाई की जायेगी। जनपद में क्रय किये गये धान की मात्रा व गुणवत्ता का उच्चाधिकारियों द्वारा लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। किसान भाईयों से अपील है कि क्रय केन्द्रों पर मानक का ही धान लेकर आयें। जिलाधिकारी महोदय द्वारा सभी धान क्रय केन्द्र प्रभारियों को निर्देश है कि किसी भी किसान का धान रिजेक्ट करने से पहले उसे सुखाने का मौका दिया जाये तथा धान रिजेक्ट करते समय 2 गवाहों की उपस्थिति में सैम्पल शील्ड किया जाये एवं किसानों को शील्ड सैम्पल की एक प्रति दी जाये। रिजेक्शन करने पर किसानों को स्पष्ट बता दिया जाये कि उक्त रिजेक्शन की तहसील स्तर पर बनी कमेटियों तथा जिला स्तर पर बनी कमेटियों को पुनः अपील कर उसकी गुणवत्ता का पुनः विश्लेषण कराया जा सकता है। जनपद में अब तक 30881 किसानों द्वारा धान पंजीकरण कराया जा चुका है। 75 प्रतिशत किसानों का पंजीकरण तहसील स्तर से सत्यापित किया जा चुका है। प्रत्येक बोरे पर स्टेंन्सिल अवश्य लगाया जाये। यदि किसी भी केन्द्र पर बिना स्टेंन्सिल के धान पाया जाता है तो प्रथम दृष्टया माना जायेगा कि उपरोक्त धान शासनादेशा का उल्लंघन कर क्रय किया गया है।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया सोनिया गांधी का जन्मदिन

**पीलीभीत।** शहर कांग्रेस कार्यालय पर कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी के जन्म दिवस पर कार्यकर्ताओं ने केक काटा और हर्सोल्लास के साथ सोनिया गांधी का जन्मदिन मनाया।कॉन्ग्रेस शहर अध्यक्ष ने कहा कि सोनिया गांधी भारतीय राजनीति में त्याग की प्रतिमूर्ति हैं सोनिया गांधी ने सार्वजनिक जीवन में संगठनात्मक मजबूती, सामाजिक न्याय, महिला सशक्तिकरण तथा समावेशी विकास के मुद्दों को प्राथमिकता दी है। उनके नेतृत्व में पार्टी ने विभिन्न राष्ट्रीय विषयों पर दृढ़ता और संवेदनशीलता के साथ अपनी भूमिका निभाई है। इस अवसर पर शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्रीकृष्ण गंगवार, जिला महासचिव नरेश शुक्ला, ब्लॉक अध्यक्ष हरीश कुमार सिंह मौर्य, नफीसा बी, मुन्नी बेगम, शमशाद हुसैन, कामरान, जिशान हुसैन, परवेज हुसैन, रिजवान मिया,मुशीर अहमद,कमल कुमार गौड़, लेखराज राठौर, इरफान, हरिशंकर, पुष्पेंद्र शुक्ला, आदि लोग उपस्थित रहे।

# छात्रा के अपहरण की सूचना पर पुलिस में मची अफरा-तफरी

## 2 घंटे बाद सकुशल लौटा छात्र पुलिस ने ली राहत की सांस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** नगर में उस वक्त हड़कंप मच गया जब पता चला कि एक 14 वर्षिय छात्र का एक वैन सवार ने अपहरण कर लिया है वही जब स्थानीय पुलिस तहकीकात में जुटी तो मामला कुछ और ही निकला नगर में दो घंटे तक हाई बोल्टेज ड्रामा चला। एक छात्र के दिनदहाड़े अपहरण की सूचना पर पुलिस हरकत में आ गई। जब छात्र और उसके दोस्त आ गए तो पुलिस ने चौन की सांस ली। इस घटना की नगर में काफी चर्चा रही। नगर के मुहल्ला कुम्हारान गली निवासी चौधरी का 14 वर्षीय पुत्र अनमोल संविलियन विद्यालय में कक्षा 8 का छात्र है। अनमोल और उसके साथी निवासी ग्राम नबीगंज का स्कूल में ही साइकिल खड़ी करने को लेकर नगर के मुहल्ला गदरपुरा निवासी सहपाठियों से विवाद हो गया। आज सोमवार को स्कूल की छुट्टी के बाद अनमोल और उसके साथी एक मारुति वैन में बैठकर मुहल्ला गदरपुरा पहुंच गए। उनके साथ ग्राम नबीगंज निवासी छात्र आसिफ के पिता राशिद भी थे, जो वैन चला रहे थे। इधर जब अनमोल घर नहीं पहुंचा तो स्वजनों ने तलाशा। उन्हें जानकारी मिली कि कुछ लोग अनमोल को स्कूल गेट से वैन में बिठाकर ले गए। अब तो हंगामा कट गया। पुलिस को सूचना दी गई। चौकी इंचार्ज विदेश शर्मा भागकर ग्राम नबीगंज पहुंचे। इधर सीओ सुनील कुमार सिंह और क्राइम इंस्पेक्टर भी मौके पर पहुंच गए। बस, थोड़ी देर बाद ही वैन स्कूल के सामने आ गई। पुलिस और अनमोल के स्वजन भागकर वैन के पास पहुंचे। पिता चौधरी ने अपने लाडले को सीने से लगा लिया। जब पुलिस ने जानकारी की तो सच्चाई सामने आ गई। अनमोल के सकुशल वापस आने के बाद पुलिस ने चौन की सांस ली। इस घटना की नगर में काफी चर्चा रही।

# ई रिक्शा और बाइक की हुई जोरदार भिडंत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** सोमवार को देर शाम मुरादाबाद फर्रुखाबाद हाईवे पर मुड़िया धुरेकी व भटपुरा के बीच ग्राम सैंडोला के पास ई रिक्शा और बाइक की जोरदार भिडंत हो गई जिसमें बाइक सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना पर पहुंची एंबुलेंस 108 ने घायल बिसौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। हम आपको बता दें कि जनपद संभल के थाना कुढ फतेहगढ़ क्षेत्र के ग्राम गुरसारी निवासी अमित कुमार सोमवार देर शाम बिसौली की तरफ आ रहा था तभी बिसौली की ओर से जा रहा ई रिक्शा की मुरादाबाद फर्रुखाबाद हाईवे मुड़िया धुरेकी व भटपुरा के बीच में ग्राम सैंडोला के पास जोरदार भिडंत हो गई जिसमें बाइक सवार अमित कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने एंबुलेंस 108 की मदद से घायल अमित कुमार को बिसौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया गया है जहां मौजूद डॉक्टरों द्वारा घायल अमित का उपचार किया जा रहा है वहीं घायल अमित के परिजनों को सूचना दे दी गई है।

# किसान की जमीन पर राजनीतिक दबदबे से जबरन कब्जे का आरोप, ऑडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बदायूं।** जिले में एक किसान की मारूशी जमीन पर जबरन कब्जे का संगीन मामला सामने आया है। पीड़ित किसान छबिराम सिंह का आरोप है कि राजनीतिक दबदबे का इस्तेमाल करते हुए।

एक दबंग व्यक्ति ने उनकी भूमि पर कब्जा करने का प्रयास किया। विरोध करने पर आरोपी ने फोन पर उन्हें भद्दी-भद्दी गालियाँ दीं, जिसका ऑडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। किसान छबिराम सिंह ने इस पूरे प्रकरण की लिखित शिकायत जिलाधिकारी बदायूं और उपजिलाधिकारी दातागंज को सौंपकर सख्त कार्रवाई की मांग की है। इसके साथ ही उन्होंने शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी दर्ज कराई है, जिससे प्रशासनिक स्तर पर जांच की उम्मीद बढ़ गई है।

जानकारी के अनुसार, जमीन पर अवैध कब्जा करने वाला आरोपी दबंग व्यक्ति जिला पंचायत सदस्य बताया जा रहा है, जो थाना कम्पिल, जिला फर्रुखाबाद का रहने वाला है। राजनीतिक पकड़ के कारण किसान लगातार दबाव और धमकियों का सामना कर रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पीड़ित किसान न्याय की गुहार लगा रहा है । घटना संबंधित ऑडियो वायरल होने से मामला और गर्मा गया है, । राजनीतिक पकड़ के कारण किसान लगातार दबाव और धमकियों का सामना कर रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पीड़ित किसान न्याय की गुहार लगा रहा है । घटना संबंधित ऑडियो वायरल होने से मामला और गर्मा गया है।

# 15 दिसम्बर तक करें पी.एम.-कुसुम योजना के तहत सोलर पम्प बुकिंग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** उप कृषि निदेशक मनोज कुमार ने जनपद के समस्त किसानों सूचित किया है कि प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पी.एम.-कुसुम) योजनान्तर्गत सोलर पम्प की बुकिंग हेतु विभागीय पोर्टल 26 नवम्बर 2025 से खुला हुआ हैं, जो 15 दिसम्बर 2025 को बंद हो जायेगा। उन्होंने बताया कि बुकिंग हेतु कृषकों का पंजीकरण कृषि विभाग के वेबसाइट ीजजचेः//हतपबनसजनतम.नच.हवअ.पद पर होना अनिवार्य है, जिसके "अनुदान पर सोलर पम्प हेतु बुकिंग करें" लिंक पर क्लिक करके ऑनलाइन बुकिंग की जा सकती है। ऑनलाइन बुकिंग के साथ 5000 रुपए टोकन मनी के रूप में ऑनलाइन जमा करना होगा। पोर्टल पर जनपदवार 02 एच.पी. एवं 03 एच.पी. का लक्ष्य सम्मिलित रूप से प्रदर्शित होगा। कृषक अपनी आवश्यकतानुसार सोलर पम्प का चयन कर आगे बढ़ सकते हैं। 02 एच.पी. हेतु 4 इंच, 03 एच.पी. एवं 05 एच.पी. हेतु 6 इंच तथा 7.5 एवं 10 एच.पी. हेतु 8 इंच की बोरिंग होना अनिवार्य है। किसान की स्वयं की बोरिंग होगी। सत्यापन के समय उपयुक्त बोरिंग न पाये जाने पर टोकन मनी की धनराशि जब्त कर ली जायेगी एवं आवेदन निरस्त हो जायेगा। 22 फीट तक 02 एच.पी. सरफेस पम्प, 50 फीट तक 02 एच.पी. सबमर्सिबल, 150 फीट तक 03 एच.पी. सबमर्सिबल, 200 फीट तक 05 एच.पी. सबमर्सिबल, 300 फीट तक की गहराई पर उपलब्ध जलस्तर हेतु 7.5 एवं 10 एच.पी. सबमर्सिबल सोलर पमप उपयुक्त होते है। बुकिंग के उपरान्त यदि लक्ष्य से कम बुकिंग होने पर कृषकों का चयन स्वतः कंफर्म हो जायेगा, परन्तु लक्ष्य से अधिक बुकिंग होने पर कृषकों का चयन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति के समक्ष ई-लाटरी के माध्यम से किया जायेगा। कृषकों द्वारा की गयी बुकिंग को कंफर्म करने के उपरान्त उसका संदेश कृषकों को उनके पंजीकृत मोबाइल नम्बर पर पहुंच जायेगा। सोलर पम्प पर 60 प्रतिशत का अनुदान देय है तथा 40 प्रतिशत कृषक अंश है। कृषकों की बुकिंग कंफर्म होने के पश्चात निर्धारित अवधि के अन्दर अवशेष कृषक अंश धनराशि का ऑनलाइन टोकन जनरेट कर चालान द्वारा इंडियन बैंक की किसी भी शाखा में अथवा ऑनलाइन जमा करनी होगी, अन्यथा कृषक का चयन स्वतः निरस्त हो जायेगा तथा टोकन मनी जब्त कर ली जायेगी। जनपद में सिंचाई हेतु विद्युत रहित क्षेत्रों में प्रयोग किये जा रहे डीजल पम्प या अन्य सिंचाई साधनों को सोलर पम्प में परिवर्तित किया जा सकेगा। कृषक द्वारा बैंक से ऋण लेकर कृषक अंश जमा करने पर कृषि अवस्थपना निधि (ए.आई.एफ.) के अन्तर्गत केन्द्र सरकार द्वारा 3 प्रतिशत एवं राज्य सरकार द्वारा 3 प्रतिशत अर्थात कुल 6 प्रतिशत की ब्याज में छूट देने का प्राविधान है। कृषक सोलर पम्प स्थापित होने के पश्चात स्थल परिवर्तन नही करेंगे, अन्यथा सम्पूण अनुदान की धनराशि कृषक से वसूल कर ली जायेगी। अधिक जानकारी हेतु कार्यालय उप कृषि निदेशक, बदायूँ में सम्पर्क किया जा सकता है।

# 16 दिसम्बर को श्री अन्न के प्रति जागरूकता को रोड शो का होगा आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (न्यूट्रीसीरियल घटक) 2025- 26 अन्तर्गत जनमानस को मिलेट कार्यक्रमानुसार किया जाना है। श्री अन्न के प्रति जागरूक करने के उददेश्य से एक जनपद स्तरीय रोड शो का आयोजन 16 दिसम्बर 2025 दिन मंगलवार, समय पूर्वान्ह 11:00 बजे से किया जाएगा, जो बदायूँ क्लब भामाशाह चौक, ओवर ब्रिज, डा0 संतोष सिंह तिराहा, लक्ष्मीबाई चौक (डी0एम0 चौराहा) होते हुए ऑडिटोरियम डायट कैम्पस पर सम्पन्न होगा।

# एक नजर

## अग्निवीर सैनिक को अपने गांव आने पर ग्रामवासियों में खुशी की लहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर।** स्थानीय नगर निवासी मनोज कुमार अग्निवीर सेना में भर्ती हुए थे। हाल ही में प्रोटोकॉल के तहत अग्निवीर सेना में अपना प्रशिक्षण पूरा करने पर नवनियुक्त सैनिक मनोज कुमार अपने वतन वापस लौटा है। इस अवसर पर सैनिक मनोज कुमार के पिता राम बहादुर सहित परिवार वालों ने मनोज कुमार का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। इस दौरान मनोज के परिवार सहित समस्त ग्राम वासियों ने मनोज कुमार के घर आने पर ढोल



नगाड़ों से खुशी का इजहार किया। हम आपको बता दें कि अग्निवीर सेना में भर्ती हुए नवनियुक्त सैनिकों का यह सात माह का प्रशिक्षण कार्यक्रम कर्नाटक राज्य के बैंगलोर में संपन्न हुआ। होनहार युवा मनोज कुमार के पिता राम बहादुर एक उन्नत किसान हैं जिन्होंने अपने खून पसीने की नेक कमाई से अपने कलेजे के टुकड़े मनोज कुमार को अच्छे दर्जे की शिक्षा दिलाई। कृषक राम बहादुर को अपने होनहार युवा मनोज कुमार की निर्भीकता व अथक साहस पर नाज है।

## एस के बी इंटर कॉलेज रियोनाई का दो दिवसीय एजुकेशनल टूर मथुरा वृंदावन रवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उघैती।** आज बिल्सी तहसील के ग्राम रियोनाई में रियोनाई खितौरा रोड पर श्री कालसेन बाबा मंदिर के सामने स्थित श्री कालसेन बाबा इंटर कॉलेज का दो दिवसीय एजुकेशनल टूर मथुरा वृंदावन के लिए रवाना हुआ। कॉलेज के चेयरमैन महेश चन्द्र सक्सेना ने टूर की बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया इस मौके पर कॉलेज के डायरेक्टर शेखर सक्सेना ने कहा कि बच्चों को समय समय पर शैक्षिक भ्रमण कराना जरूरी है इससे बच्चों का सामाजिक ज्ञान में वृद्धि होती है इस मौके पर कॉलेज के एम डी आशीष सक्सेना ने कहा कि कॉलेज निरन्तर यही प्रयास है कि बच्चे का सर्वांगीण विकास हो इस लिए समय समय पर शैक्षिक भ्रमण के कार्यक्रम कराते रहते है इस मौके पर कॉलेज की प्रधानाचार्या शिल्पी सक्सेना, उप प्रधानाचार्य ओम किशन शर्मा एडमिनिस्ट्रेटर जे पी सिंह, दिनेश माथुर, जूनियर कॉर्डिनेटर चेतन वार्ष्णेय, प्राइमरी कॉर्डिनेटर उमेश गुप्ता, प्री प्राइमरी कॉर्डिनेटर अंबिका चौहान सोनम, आंशिक राठौर, अंजली मौर्य, गौरव श्रीवास्तव, पूजा, सिद्धार्थ, अर्पित, सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।


**विज्ञापन के लिए संपर्क करें**

कामिल खान ब्यूरो चीफ

दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र बदायूं ब्रांच ऑफिस फैजगंज बेहटा वार्ड नंबर हेड ऑफिस रजी चौक ब्रह्मपुर बराबर रेक्स दवाखाना बदायूं खबरें व विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

संपर्क सूत्र - 7500110219, 9411827221

Emil mkkhan741@gmail-com


# श्रीवास्तव के 60 वें जन्म दिवस पर अधिकारियों ने दीर्घ आयु की कामना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर।** उत्तर प्रदेश के जनपद इटावा की तहसील भरतना क्षेत्र के गांव कांधेशी के राजघराने में जन्मे जयकृष्ण श्रीवास्तव के 60 वें जन्म दिवस के अवसर पर विभागीय कर्मचारियों व अधिकारियों के साथ ही उनके शुभ - चिंतकों ने जयकृष्ण श्रीवास्तव को अनेकानेक शुभ - कामनाएं दीं।

अति संघर्षशील जयकृष्ण श्रीवास्तव का अदम्य साहस व उनकी सुडौल कद कांठी उनकी वास्तविक कार्यशैली को दर्शाती है। जयकृष्ण श्रीवास्तव ने अपने जमाने में इंटर मीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण कर अपने सहपाठियों के बीच अच्छा खासा मुकाम हासिल किया। जयकृष्ण के पिता दशरथ नंदन ने राजस्व विभाग में ऊंचे ओहदे पर रहकर पूर्ण निष्ठा के साथ लंबे समय तक अपनी अमूल्य सेवाएं दीं। जयकृष्ण श्रीवास्तव के शांत प्रिय स्वभाव से लोग अलग ही अंदाजा लगा लेते है कि उनकी माता कमला देवी का उन्हें बेहद दुलार मिला है और आज भी जयकृष्ण के शांत स्वभाव व सादगी से देश दुनिया के लोग हतप्रभ हैं। उनके चेहरे की मुस्कुराहट आज भी बयां करती है कि श्रीवास्तव का वास्तव में ही एक राजघराने में लालन - पालन हुआ है। जयकृष्ण श्रीवास्तव के जन्मदिवस के अवसर पर जनपद इटावा, हापुड़, बागपत, शामली व अलीगढ़ सहित पांच जिलों के आत्मीय जनों ने जयकृष्ण श्रीवास्तव के दीर्घ आयु की शुभ कामना की।

# दिल्ली एम्स में सातवां स्थान हासिल करने पर राबिया को आशा गुप्ता ने किया सम्मानित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** युवा मंच संगठन मार्गदर्शिका वरिष्ठ समाजसेविका आशा गुप्ता के द्वारा बहन राबिया अंसारी पुत्री जनाब जहीर अहमद निवासी नगर पंचायत उसहैत को केजीएमयू लखनऊ की तकनीकी अधिकारी नेत्र विज्ञान परीक्षा में प्रदेश में द्वितीय स्थान तथा राष्ट्रीय स्तर पर एम्स दिल्ली में सातवां स्थान प्राप्त करने पर नगर पंचायत उसहैत अपने परिवार और समाज का नाम रोशन किया है।

इस मौके पर आपकी युवा मंच संगठन के संस्थापक ध्रुव देव गुप्ता और मोटिवेशनल स्पीकर /शिक्षाविद कमरान रोशन के सयुक्त रूप से कहा कि यह उपलब्धि न केवल राबिया की मेहनत ईमानदारी और दृढ़ संकल्प का परिणाम है और बल्कि यह हमारे जिले की बालिकाओं व युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत भी है सभी को इन पर पर गर्व है। ध्रुव देव गुप्ता मनु राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा मंच संगठन ने बताया कि समाजसेविका आशा गुप्ता राबिया अंसारी को सम्मान पत्र एहतिराम-नामा से सम्मानित करते हुए कहा कि नगर की बेटी ने प्रदेश में सर्वोच्च स्थान पाकर इतिहास रचा है जिले की छात्र छात्राओं के उत्साह में वृद्धि होगी हम होनहार बेटी की उज्जवल भविष्य की कामना करते है। इस अवसर पर प्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर कामरान रोशन के साथ पुष्पेंद्र श्रीवास्तव, श्यामू गुप्ता, अखलाक अंसारी आदि उपस्थित रहे।

# 9 दिसम्बर 2025 को युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** विधानसभा बिसौली में दो दिवसीय माननीय विधायक खेल स्पर्धा के दूसरे दिन वालीबॉल एवं बैडमिंटन तथा कुश्ती प्रतियोगिताओं का आयोजन मिनी स्टेडियम बगरेन में किया गया। जिसमें वालीबॉल में बालक वर्ग में जूनियर वर्ग में विजेता करखेरी की टीम तथा सब जूनियर में बालक वर्ग में वजीरगंज की टीम एवं सीनियर वर्ग में बालक में बगरेन की टीम विजेता रही। कुश्ती में बालक सीनियर वर्ग में चंद्रकेश (80 kg), विजेंद्र (60 kg), अमरदीप (55 kg), कुश्ती में बालिका जूनियर वर्ग में शालिनी (68 ाह), नंदिनी (45 kg), कुश्ती में बालक में सब जूनियर वर्ग में मोनू (44 kg), प्रियांशु (50 kg) विजयी रहे।

बैडमिंटन में सब जूनियर वर्ग में बालक में साहिल हुसैन प्रथम, सीनियर वर्ग में आमिर में प्रथम, जूनियर वर्ग में बैडमिंटन में बालक में अमन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजय प्रतिभागियों को पूर्व विधायक श्री कुशाग्र सागर द्वारा प्रमाण पत्र, मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। उनके द्वारा इस अवसर पर खिलाड़ियों को बताया कि खेल हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह हमें स्वस्थ रखने के साथ-साथ मानसिक, शारीरिक और सामाजिक विकास का भी माध्यम है।

खेलने से हमारे शरीर की शक्ति बढ़ती है और हम तंदुरुस्त रहते हैं। कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी विशाल पाल, मनोज कुमार ने किया। इस अवसर पर पीटीआई मुनीश शर्मा, अजय कुमार, विजेंद्र सिंह, आदि मौजूद रहे। समस्त दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।

# विधुत विभाग: घर घर जाकर कर्मचारियों ने दी कैम्प की सूचना




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर।** बिजली घर के गाँव लक्ष्मीपुर में आज ओटीएस के तहत विधुत बिल जमा के लिए उपखंड अधिकारी सौरभ सैनी के निर्देश पर कैम्प का आयोजन किया गया जिससे उपभोक्ता छूट का लाभ ले सके और बकाया बिल जमा कर सके ग्राम लक्ष्मीपुर में घर घर जाकर कर्मचारियों द्वारा कैम्प की सूचना दी गयी और बिल बताकर रजिस्ट्रेशन कराये गए जिन उपभोक्ताओं ने बिल जमा नही किये उन के केबिल काट दिए गए आज ग्राम लक्ष्मीपुर में 40 रजिस्ट्रेशन हुए जिसमे 3लाख की रकम जमा की गई और लगभग 50 केबिल काट दिए गए उपखंड अधिकारी और जेई द्वारा लोगो से बिल जमा कर छूट में लाभ उठाने की अपील भी की जिससे उपभोक्ता आने वाले समय मे कानूनी कार्यवाही से बच सके। आज उपखंड अधिकारी सौरभ सैनी जेई राजेन्द्र प्रसाद, टीजी2 राहुल कुमार टीजी 2 शत्रुघ्न यादव, लाइन मैन यशवीर, जितेंद्र शर्मा, अकाश, विशाल शंखधार टीम में मौजूद रहे।

# सोनिया गांधी के नेतृत्व में यूपीए को दो बार सत्ता में पहुंचाया: ओमकार सिंह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** 09 दिसम्बर 2025 को पूर्व में तय कार्यक्रम अनुसार परशुराम चौक स्थित बीएलए 1 / शहर कांग्रेस कमेटी बदायूँ कार्यालय पर कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी का 79वे जन्मदिवस को केक काटकर धूमधाम से बनाया गया इस अवसर पर बीएलए 1 ओमकार सिंह एवं शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुन्ना लाल सागर के नेतृत्व में जिला अस्पताल में मरीजों कोफल वितरण किया गया। इस अवसर पर बीएलए 1 ओमकार सिंह ने कहा सोनिया गांधी जो वर्तमान में राज्यसभा सांसद हैं। अपने राजनीतिक नेतृत्व में यूपीए को दो बार सत्ता में पहुंचाया। बावजूद इसके, उन्होंने प्रधानमंत्री पद स्वीकारने से इनकार कर देश के प्रति त्याग का उदाहरण प्रस्तुत किया ओमकार सिंह ने कार्यालय पर आयोजित गोष्ठी में अपने संबोधन में कहा की सोनिया गांधी 1998 में कांग्रेस अध्यक्ष बनीं और उनके नेतृत्व में पार्टी ने 2004 और 2009 में केंद्र में सरकार बनाई। हालांकि, प्रधानमंत्री बनने की पेशकश को उन्होंने विनम्रता से ठुकरा दिया। उनकी यह अद्वितीय निर्णयशीलता उन्हें भारतीय राजनीति में एक विशेष स्थान देती है।

ओमकार सिंह ने बताया अपने राजनीतिक नेतृत्व में यूपीए को दो बार सत्ता में पहुंचाया। बावजूद इसके, उन्होंने प्रधानमंत्री पद स्वीकारने से इनकार कर देश के प्रति त्याग का उदाहरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष मुन्ना लाल सागर ने कहा कि 1998 में सोनिया गांधी ने कांग्रेस पार्टी की कमान संभाली। उनके नेतृत्व में कांग्रेस ने 2004 में लोकसभा चुनाव जीता और यूपीए गठबंधन का गठन किया। हालांकि, उन्होंने प्रधानमंत्री पद स्वीकार करने के बजाय मनमोहन सिंह को यह जिम्मेदारी सौंपी। 2004 में यकीनन देश की सबसे महत्वपूर्ण कुर्सी पर सोनिया की ताजपोशी का रास्ता साफ था। 2009 में एक बार फिर उनके लिए ऐसा ही मौका था। उन्होंने दोनों ही मौकों पर इसे ठुकराया और खुद की जगह डॉक्टर मनमोहन सिंह को नामित किया। गोष्ठी में विधि प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सूरजपाल सोलंकी, एससी एसटी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मुनेंद्र कनौजिया, शहर उपाध्यक्ष रफत अली, शहर कांग्रेस सचिव सितारा ने सयुक्त रूप से विचार व्यक्त किये गोष्ठी का संचालन जिला उपाध्यक्ष नरेश पाल शर्मा ने किया। गोष्ठी के उपरांत कांग्रेसजन सहितशहर महिला पदाधिकारियों ने जिला अस्पताल पहुँच कर मरीजो को फल वितरण किये।इस अवसर पर मुख्यरूप से शहर महासचिव योगेंद्र शर्मा, प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य अशोक कुमार कश्यप, शहर उपाध्यक्ष हरीश कश्यप, शहर महासचिव सितारा बी शहर में महासचिव अनिल कुमार शर्मा, अफसर अली, प्रेमपाल, राजेंद्र कुमार, अहसान मियां, शहजाद अली आदि कांग्रेसजन मौजूद रहे।



# कलेक्ट्रेट सभागार में जन प्रतिनिधियों एवं विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** कलेक्ट्रेट सभागार में जनप्रतिनिधियों एवं विभागीय अधिकारियों की बैठक आयोजित हुई।
जिसमें विधान परिषद सदस्य महाराज कुंवर सिंह, विधान परिषद सदस्य डॉ.हरि सिंह ढिल्लो, जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी, भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार तथा ब्लॉक प्रमुख जयपाल एवं जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान जनप्रतिनिधियों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन क्षेत्राों में ट्रांसपफार्मर खराब हो गए हैं उन्हें तत्काल ठीक करते हुए विद्युत आपूर्ति सुचारु कराई जाए तथा जहां ओवरलोड की समस्या अधिक है, वहां



ट्रांसपफार्मरों का शीघ्र अपग्रेडेशन सुनिश्चित किया जाए। जनप्रतिनिधियों ने अवैध कालोनियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाए। ओटीएस द्धवन टाइम सेटलमेंटऋ योजना के अंतर्गत वृहद स्तर पर शिविर आयोजित कर अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को लाभान्वित करने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार चलाए जाने तथा डायल 1912 का प्रचार-प्रसार कर उपभोक्ताओं को शिकायत निवारण और योजनाओं से संबंधित लाभ प्राप्त करने में सरलता उपलब्ध कराने के निर्देश भी प्रदान किए गए।

गन्ना भुगतान की स्थिति की समीक्षा के दौरान जिला गन्ना अधिकारी ने अवगत कराया कि पिछले वित्तीय वर्ष का शत-प्रतिशत गन्ना भुगतान किसानों को उपलब्ध करा दिया गया है। इस पर जनप्रतिनिधियों ने कहा कि बैकडोर से गन्ना मिलों पर गन्ना प्राप्त किए जाने की प्रवृत्ति पर पूर्णत: रोक लगाई जाए तथा इस संबंध में निरंतर निगरानी एवं आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।
यातायात व्यवस्था की समीक्षा के दौरान जनप्रतिनिधियों ने कहा कि शहर के भीतर भारी वाहनों के प्रवेश से यातायात अत्यधिक प्रभावित होता है और दुर्घटनाओं की संभावनाएं बढ़ जाती हैं, ऐसे सभी भारी वाहनों का शहर के मध्य आवागमन प्रतिबंधित रखते हुए उन्हें अनिवार्य रूप से बाइपास के माध्यम से निकाला जाए। इसके साथ ही प्रधानमंत्राी सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रचार-प्रसार को और अधिक प्रभावी बनाकर पात्रा परिवारों को योजना से लाभान्वित कराने के भी निर्देश दिए।
बैठक जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए सभी विषयों पर प्राथमिकता के आधार पर त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण कार्यवाही सुनिश्चित की जाए तथा कार्यवाही की प्रगति रिपोर्ट समयबद्ध रूप से प्रस्तुत की जाए। उन्होंने कहा कि जनसु. विधाओं से संबंधित कोई भी कार्य अनावश्यक रूप से लंबित न रहे और समाधान की गति एवं गुणवत्ता दोनों पर विशेष ध्यान दिया जाए।
बैठक में नगर विधायक आकाश सक्सेना के प्रतिनिधि, पुलिस उपाधीक्षका, लोक निर्माण विभाग एवं विद्युत विभाग के अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# गम्भीर बीमारी से पीड़ित बच्चे को डीएम ने की आर्थिक सहायता प्रदान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** गंभीर बीमारी से पीड़ित बच्चों के उपचार हेतु स्थापित हचाइल्ड केयर एण्ड प्रोटेक्शन पफण्डह के अंतर्गत जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने 02 बच्चों के अभिभावकों को आर्थिक सहायता के रूप में चेक प्रदान किए गए। जिलाधिकारी ने सोहल के हाथ के ऑपरेशन हेतु रूपये 1,00,000 द्धएक लाख मात्राऋ का चेक तथा पफायजा के गले की सर्जरी हेतु रूपये 27,000 द्धसत्ताईस हजार मात्राऋ का चेक प्रदान किया गया।
चेक प्राप्त करते समय दोनों बच्चों के अभिभावकों ने जिलाधिकारी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया तथा कहा कि आर्थिक सहायता मिलने से बच्चों को समय पर उपचार हेतु बड़ा सहारा मिला है।जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में चाइल्ड केयर एण्ड प्रोटेक्शन पफण्ड का गठन इस उद्देश्य से किया



गया है कि 18 वर्ष से कम आयु के कमजोरध्गरीब परिवारों के बच्चों के इलाज एवं ऑपरेशन में आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा सके, जिससे कोई भी बच्चा आर्थिक अभाव के कारण उपचार से वंचित न रहे। जिलाधिकारी ने जनपद के सम्मानित नागरिकों, सामाजिक संगठनों, स्वयं सहायता समूहों एवं दानदाताओं से अपील की है कि वे अपनी स्वेच्छा से इस पफंड में योगदान कर गरीब बच्चों की खुशियों में भागीदार बनें।

# रामपुर में नैनो उर्वरक आधारित कृषि विभाग के अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** उप कृषि निदेशक कार्यालय में इफको द्वारा नैनो उर्वरक आधारित कृषि विभाग के अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
उप कृषि निदेशक राम किशन सिंह एवं जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने कृषि से संबंधित जानकारी एवं नैनो प्रॉडक्ट की महत्ता एवं लाभ के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की।
इफको से उप क्षेत्रा प्रबंधक जे एस रावत ने नैनो यूरिया प्लस के महत्व के बारे में समझाया कि किस प्रकार एक बोतल नैनो यूरिया प्लस एक बोरी यूरिया को प्रतिस्थापित कर सकती है इससे हमारी मिट्टी, जल एवं पर्यावरण की रक्षा तो होगी ही साथ ही देश पर पड़ने वाले उर्वरक सब्सिडी के भारी





भरकम बोझ से छुटकारा मिलेगा। नैनो यूरिया प्लस 20 प्रतिशत नत्राजन परंपरागत यूरिया का विकल्प है, नैनो यूरिया प्लस परंपरागत यूरिया के मुक. ाबले सस्ता भी है एवं इसके प्रयोग से उत्पादन भी बढ़ता है इफको द्वारा नैनो डीएपी भी उपलब्ध कराया जा रहा है जो पफसलों के लिए बहुत ही लाभदायक है। इसके प्रयोग से जड़ों का भरपूर विकास होता है तथा मात्रा रूपये 600 में उपलब्ध है, साथ ही नैनो जिंक नैनो कॉपर एनपीके कंसोर्टिया तथा इफको सागरिका एवं नेचुरल पोटाश लाभों के बारे में विस्तारपूर्वक जानक. ारी दी एवं उससे होने वाले लाभों के बारे में बताया , और इफको द्वारा दिए जाने वाले संकट हरण बीमा 10000 प्रति बोतल के बारे में बताया।
प्रशिक्षण कार्यक्रम में भूमि सर्वेक्षण अधिकारी डॉ भगवत सरन इफको से उप क्षेत्रा प्रबंधक जयकृत सिंह रावत, एसएपफए निशांत साग. वान एवं एमडीई विशाल गौड़ एवं कृषि विभाग के समस्त अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# रामपुर में 21 दिसंबर से शुरू होगी सांसद संजय सिंह की पदयात्रा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश द्वारा 21 से 26 दिसंबर तक 'वोट बचाओ . संविधान बचाओ' पदयात्राा आयोजित की जाएगी, जिसका मार्गदर्शन उत्तर प्रदेश के प्रदेश प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह करेंगे। जो रामपुर से प्रारंभ होकर मुरादाबाद और अमरोहा जिलों में सम्पन्न होगी। पदयात्राा के दौरान प्रमुख जनसभाएं रामपुर , मुरादाबाद, तथा पाकबाड़ा क्षेत्रा, और अमरोहा में आयोजित की जाएंगी। रामपुर को यात्राा के प्रारंभिक केंद्र के रूप में चुना गया है स
पदयात्राा के मीडिया प्रभारी के रूप में आतिर हुसैन को नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति की घोषणा बरेली में



आयोजित तैयारी बैठक में संजय सिंह साहब की मौजूदगी में प्रांत अध्यक्ष द्वारा की गई।
आतिर हुसैन प्रदेश मीडिया कोऑर्डिनेटर द्धउर्दूऋ, राज्य-स्तरीय मीडिया प्रबंधन और प्रवक्ता के रूप में



सक्रिय भूमिका निभा चुके हैं। उन्होंने बताया कि निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष ने उन्हें सभी सम्बन्धित जिलों के मीडिया कर्मियों से संवाद स्थापित कर एक प्रभावी मीडिया कोऑर्डिनेशन ग्रुप तैयार करने का निर्देश दिया है, ताकि




पदयात्राा की कवरेज अधिक प्रभावी, सुव्यवस्थित और व्यापक रूप से सुनिश्चित की जा सके।

# महापरिनिर्वाण दिवस पर बाबा साहब को दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के महा परिनिर्वाण दिवस के उपलक्ष में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा के दौरान बाबा साहब के अनुयायियों ने श्रद्धांजलि अर्पित कर विचार व्यक्त किए । मंगलवार 9 दिसंबर 2025 को तहसील मिलक के ग्राम पंचायत भोजीपुरा में आजाद समाज पार्टी के वार्ड नंबर 34 सें संभावित प्रत्याशी जिला पंचायत सदस्य पिफरोज खान द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्रा के लोगों द्वारा बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया गया। श्रद्धांजलि सभा के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय कोर कमेटी के मेंबर राजन गौतम और पूर्व मुरादाबाद मंडल सचिव भीम आर्मी विशिष्ट अतिथि दीपक सागर एवं प्रशांत कुमार , विनीत कुमार



आदि आजाद समाज पार्टी के पदा. धिकारियों ने भाग लिया । सभा के दौरान राजन गौतम ने बाबा साहब के विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज जो हम खुले मंच से बोल पा रहे हैं, यह बाबा साहब के संघर्षों और उनके द्वारा दिए गए संविधान के कारण ही संभव हो पाया है।
उन्होंने आगे कहा कि बाबा साहब ने समाज में व्याप्त भेदभाव और अत्याचार के खिलापफ लड़ाई लड़ी और हमें एक मजबूत संविधान दिया। इसी प्रकार सभी कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए बाबा साहब के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला । इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक मुकेश कुमार ,अपफजल खान ,ग्राम प्रधान प्रेम सिंह, पूर्व प्रधान लखविंदर सिंह एवं क्षेत्रा के सम्मानित लोग उपस्थित रहे ।

# एनओसी की प्रक्रिया को पारदर्शी व सुगम बनाने में जुटी रेखा सरकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली फायर सर्विस (डीएफएस) को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि आग से सुरक्षा से संबंधित एनओसी (अना. पत्ति प्रमाणपत्र) जारी करने की प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी और सुगम बनाया जाए ताकि होटल, रेस्तरां, नाइट क्लब, मल्टीप्लेक्स और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों आदि को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि एनओसी प्रणाली का उद्देश्य व्यापारियों को हतोत्साहित करना नहीं, बल्कि लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि फायर विभाग को सभी प्रकार के आधुनिक उपकरणों आदि से सज्जित किया जा रहा है। विभाग के पास किसी भी प्रकार के संसाधन की जरूरत है तो सरकार को सूचित करें। सरकार उसे उपलब्ध कराएगी।
मुख्यमंत्री ने यह निर्देश दिल्ली सचिवालय में अग्निशमन विभाग के साथ एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में दिए। बैठक में कैबिनेट मंत्री आशीष सूद, मुख्य सचिव राजीव वर्मा, फायर सर्विस विभाग और विधि विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि यदि किसी नियम के कारण वास्तविक आवेदकों को कठिनाई हो रही है, तो उसे तुरंत सरकार के संज्ञान में लाया जाए ताकि सुधारात्मक कदम उठाए जा सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि एनओसी जारी करने की प्रक्रिया में किसी प्रकार की अस्पष्टता या अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए। लाइसेंस देने की प्रणाली में साफ, सरल और समयबद्ध व्यवस्था होनी चाहिए ताकि व्यापारियों को बार-बार दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि दिल्ली की अग्निशमन व्यवस्था आधुनिक, दक्ष और नागरिकों का विश्वास जीतने वाली बने।
मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार देश में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस यानी व्यापार में सुगमता को बढ़ावा देने के लिए लगातार नीतिगत सुधार कर रही है।

# दिल्ली व बेंगलुरु पुलिस आयुक्त के ऑफिशियल ईमेल पर भेजी थी धमकी भरी ईमेल,आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने दिल्ली और बेंगलुरु के पुलिस आयुक्त के ऑफिशियल ईमेल पर भेजे गए धमकी भरे ईमेल से जुड़े मामले को सुलझा कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। दिल्ली पुलिस उपायुक्त (अपराध) हर्ष इंदौरा ने बताया कि 07 दिसंबर को, दिल्ली पुलिस आयुक्त के ऑफिशियल ईमेल पर एक ईमेल आया जिसमें धमकी भरा मैसेज था। ईमेल भेजने वाले ने खुद को एक बैन ऑर्गनाइजेशन से जुड़ा बताया और एक मोबाइल नंबर देकर पैसे ऐंठने की कोशिश की। मामले की गंभीरता को देखते हुए सतेंद्र मोहन की देखरेख में इंस्पेक्टर महिपाल सिंह के नेतृत्व में टीम ने टेक्निकल एनालिसिस की मदद से, उस मोबाइल नंबर की लोकेशन का पता लगाया गया और उसके यूजर को गुरुग्राम के सेक्टर 37 से पकड़ा गया। पुलिस ने उसकी पहचान मोहित (23 ) के तौर पर हुई।
पुलिस पूछताछ के दौरान, मोहित ने बताया कि 19 नवंबर से उसे लगातार परेशान किया जा रहा है। इसमें इंटरनेशनल स्पैम कॉल, बिना मांगे पेमेंट क्यूआर कोड, और कई धमकी भरे ईमेल शामिल हैं, जो जानबूझकर उसकी अपनी आईडी से भेजे गए थे। उसने आगे बताया कि 30 नवंबर को, बेंगलुरु के पुलिस आयुक्त के ऑफिशियल ईमेल पर ऐसी ही एक नकली आईडी का इस्तेमाल करके एक धमकी भरा ईमेल भेजा गया था,।इसके अलावा, उसके नाम पर रेप और मर्डर की कई नकली साइबर शिकायतें बनाई गई थी पुलिस पूछताछ के दौरान, मोहित ने एक लड़की के साथ अपनी पिछली बातचीत के बारे में बताया और कुछ समय बाद उसे अभय नाम के एक व्यक्ति का फोन आया जिसने खुद को उसका बॉयफ्रेंड बताया और उससे दूर रहने को कहा। इस लीड पर कार्रवाई करते हुए, टीम ने सैदुलाजब, साकेत, के रहने वाले अभय शी (22 ) को ट्रेस करके पकड़ लिया।पुलिस पूछताछ के दौरान, अभय शी ने माना कि मोहित के साथ पर्सनल झगड़े की वजह से, उसने उसके खिलाफ ऑनलाइन हैरेसमेंट कैंपेन चलाया था।

# सत्येंद्र जैन ने वापस लिया मानहानि का मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन ने भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज के खिलाफ रोहिणी कोर्ट में दायर दीवानी मानहानि का मुकदमा वापस ले लिया है। उन्होंने यह मुकदमा पिछले साल दायर किया था। वरिष्ठ सिविल जज गौरव शर्मा ने मुकदमे की वापसी को स्वीकार कर लिया और मामले को वापस लिया गया कहकर निपटा दिया। जज ने अपने आदेश में कहा कि वादी मुकदमे का स्वामी हैवरिष्ठ सिविल जज गौरव शर्मा ने मुकदमे की वापसी को स्वीकार कर लिया और मामले को वापस लिया गया कहकर निपटा दिया। जज ने अपने आदेश में कहा कि वादी मुकदमे का स्वामी है और इसलिए, उसे इसे वापस लेने का अधिकार है। उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए मामला वापस लिया गया कहकर निपटाया जाता है। जैन के वकील रजत भारद्वाज और करण शर्मा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बताया कि वादी वर्तमान मुकदमा वापस लेना चाहता है। इस साल जुलाई में भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने जैन द्वारा दायर दीवानी मानहानि के मुकदमे को खारिज करने की मांग करते हुए एक याचिका दायर की थी।
जैन ने अपने मुकदमे में आरोप लगाया था कि बांसुरी स्वराज ने अक्टूबर 2023 में एक टीवी चौनल को दिए साक्षात्कार में मानहानिकारक टिप्पणी की थी। रोहिणी कोर्ट ने दिसंबर 2024 में बांसुरी स्वराज और एक टीवी समाचार चैनल को नोटिस जारी किया था। जैन ने टीवी चैनल से उक्त सामग्री को हटाने और बांसुरी स्वराज को आगे ऐसी टिप्पणी करने से रोकने का निर्देश देने की प्रार्थना की थी। उन्होंने एक रुपये के हर्जाने का दावा भी किया था। जैन ने बांसुरी स्वराज के खिलाफ राउज एवेन्यू कोर्ट में एक आपराधिक मानहानि शिकायत भी दायर की थी। इसे अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा खारिज कर दिया गया था। सत्येंद्र जैन ने अपनी मानहानि शिकायत में आरोप लगाया था कि स्वराज ने पांच अक्तूबर 2023 को एक टीवी चौनल पर साक्षात्कार के दौरान उनके खिलाफ मानहानिकारक बयान दिए थे।

# डीटीसी चालक की हत्या में पिता-पुत्र समेत तीन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अमन विहार इलाके में शनिवार देर रात रोडरेज के दौरान डीटीसी चालक विकास की हत्या के मामले में क्राइम ब्रांच ने पिता-पुत्र समेत तीन आरोपियों को दबोच लिया। अमन विहार थाना पुलिस इस मामले में एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।
डीसीपी आदित्य गौतम के अनुसार, पकड़े गए आरोपियों की पहचान 50 वर्षीय राजू, उसके बेटे हर्ष और भतीजे रोशन के रूप में हुई है। राजू मुंडका निवासी है और एमसीडी में कार्यरत है। शनिवार की रात रोशन के भाई की बारात अमन विहार के एक बैंक्वेट हॉल में आई थी। राजू वहीं पत्नी के साथ कार से पहुंचा था। उसी समय सड़क पर भीड़ के चलते जाम लग गया। पीछे से आ रही डीटीसी बस फंस गई। बस चालक विकास और परिचालक उमेश ने राजू से कार एक ओर करने को कहा। इसी बात पर कहासुनी इतनी बढ़ गई कि मामला जानलेवा हमले में बदल गया। राजू ने फोन कर अपने बेटे हर्ष, भतीजे रोशन और साथी राहुल को बुलाया था। चारों ने विकास और उमेश की बेरहमी से पिटाई कर दी। मारपीट रोकने आया एक राहगीर भी घायल हो गया। तीनों घायलों को अस्पताल ले जाया गया, जहां 27 वर्षीय विकास ने दम तोड़ दिया। घटना के विरोध में चालक-परिचालक संगठनों ने यूईआर-दो जामकर प्रदर्शन किया।

# कांग्रेस नेता सोनिया गांधी को राउज एवेन्यू कोर्ट का नोटिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने मंगलवार को कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और दिल्ली पुलिस को उस याचिका पर नोटिस जारी किया है, जिसमें मजिस्ट्रेट अदालत द्वारा गांधी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश देने से इनकार करने को चुनौती दी गई थी।
गांधी पर आरोप है कि उन्होंने भारतीय नागरिक बनने से तीन साल पहले ही अपना नाम मतदाता सूची में शामिल करवा लिया था। विशेष न्यायाधीश (पीसी एक्ट) विशाल गोगने ने आपराधिक पुनरीक्षण याचिका पर वरिष्ठ अधिवक्ता पवन नारंग की प्रारंभिक दलीलें सुनीं। जिसके बाद गांधी और दिल्ली पुलिस से जवाब मांगना उचित समझा। अदालत ने कहा कि मामले की अगली सुनवाई 6 जनवरी, 2026 को होगी।
अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसीजेएम) वैभव चौरसिया ने 4 सितंबर 2025 को मामले की सुनवाई की थी विकास त्रिपाठी नामक व्यक्ति की तरफ से दायर याचिका में आरोप लगाया गया है कि सोनिया गांधी का नाम 1980 में नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची में शामिल किया गया था, जबकि वह अप्रैल 1983 में भारत की नागरिक बनी थीं। त्रिपाठी ने आरोप लगाया है कि गांधी का नाम 1980 में मतदाता सूची में शामिल किया गया था, 1982 में हटाया गया और फिर 1983 में फिर से जोड़ा गया। त्रिपाठी के वकील ने कहा कि उनका भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन भी अप्रैल 1983 का है। 1980 में नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची में उनका नाम कैसे शामिल हुआ, जिसे फिर 1982 में हटाया गया और 1983 में फिर से दर्ज किया गया।
वकील ने आगे कहा कि 1980 में मतदाता सूची में उनका नाम शामिल होने का मतलब है कि कुछ जाली दस्तावेज जमा किए गए थे और यह एक संज्ञेय अपराध का मामला है। इसलिए, उन्होंने अदालत से प्राथमिकी दर्ज करने के आदेश देने का अनुरोध किया।



मुख्यमंत्री सचिवालय में अग्निशमन विभाग के साथ एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक करते हुए साथ में हैं कैबिनेट मंत्री आशीष सूद, फायर सर्विस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी।


**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।



**कार्यालय सहायक निबन्धक फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद**

**सार्वजनिक सूचना**

संस्था खादी ग्रामोद्योग सेवा सदन, पता प्रधान कार्यालय सी०ओ०डी० फार्म, जिला रामपुर उ०प्र० जिला रामपुर सर्वश्री 01. श्री प्रशांक कुमार पुत्र श्री दशरथ, भूतपूर्व सदस्य, निवासी ग्राम रामनगर चितामनपुर जिला दरभंगा बिहार मो० 7764867326। 02. श्रीमती दीपमाला पुत्र श्री लक्ष्मी नारायण, भूतपूर्व सदस्य, निवासी मौ० सिन्धु नगर कालोनी बरेली। 03. श्री असीम कुमार सिंह पुत्र श्री स्व० श्री विशम्भर सिंह कश्तवार, भूतपूर्व सदस्य, निवासी 18/545 इन्दिरा नगर लखनऊ, मो0 9415025714। 04. श्री वरदीप सिंह पुत्र श्री स्व० श्री करनैल सिंह, भूतपूर्व सदस्य, निवासी ग्राम धर्मपुर उत्तरी जिला रामपुर। 06. श्री मौ० उमर पुत्र श्री अ० लतीफ, भूतपूर्व सदस्य, निवासी ग्राम सागरपुर पो० सागरपुर जिला रामपुर। 06. श्री स्वर्ण सिंह पुत्र श्री गुरूदयाल सिंह, भूतपूर्व सदस्य, निवासी ग्राम धर्मपुर उत्तरी जिला रामपुर। 07. श्री सै० इजहारुल हसन पुत्र श्री नूरुल हसन, भूतपूर्व सदस्य, निवासी मौ० गुईया तालाब मस्जिद कलराज खॉ जिला रामपुर। मो० नं0 8477879480। **संस्था खादी ग्रामोद्योग सेवा सदन, पता प्रधान कार्यालय सी०ओ०डी० फार्म, जिला रामपुर** का नवीनीकरण किये जाने हेतु श्री शत्रुघन साहू स्वयं को उक्त संस्था का सचिव दर्शाते हुये प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। प्रस्तुत प्रबन्धसमिति की सूची वर्ष 2025-2026 में आपको चयनित नही दर्शाया गया है। अतः उक्त के सम्बन्ध में यदि कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति फोटोयुक्त नोटरी शपथ पत्र सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत करें, अन्यथा की स्थिति में सो०रजि०एक्ट 1860 के अन्तर्गत नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी। विदित हो कि उक्त नोटिस सोसा० पंजी०अधि० 1860 की धारा 3 (1) के अन्तर्गत जारी किया जा रहा है।

(आनन्द विक्रम सिंह) सहायक निबन्धक

**उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद,कार्यालय सम्पत्ति प्रबन्धक, रामपुर/नजीबाबाद**
ऑफिस कॉम्पलैक्स, भूतल, सेक्टर-05, मझोला योजना संख्या-04, भाग-02 मुरादाबाद
Email: upavpemormp@gmail.com

**सर्वसाधारण सूचना**

परिषद की रामपुर योजना संख्या- 02, रामपुर में स्थित व्यावसायिक भूखण्ड संख्या- सी०पी०-08 का आआंवटन प्रदेशन-पत्र संख्या- 497 दिनाक 25.02.2006 दवारा नीलामी के माध्यम से श्री सूर्य प्रकाश सिन्हा, श्री जयप्रकाश सिन्हा पुत्रगण श्री लक्ष्मीनारायण सिन्हा एवं श्रीमती सीमा रस्तोगी पत्नी श्री कमल रस्तोगी के पक्ष में संयुक्त रुप से किया गया है। आवंटीगण दद्वारा उक्त भूखण्ड के विरुदध देय धनराशि का भुगतान करने के पश्चात् उक्त भूखण्ड का विक्रय-विलेख दिनांक- 07.07.2007 को परिषद से निष्पादित कर लिया है। जी दिनांक 07.07.2007 को सब रजिस्ट्रार कार्यालय में पजीकृत है। दिनाक 07.07.2007 को उक्त भूखण्ड का भौतिक कब्जा भी आवंटीगण द्वारा ले लिया गया है। तपश्चात् मूल आवंटी श्री सूर्य प्रकाश सिन्हा, श्री जय प्रकाश सिन्हा एवं श्रीमती सीमा रस्तोगी के द्वारा उक्त भूखण्ड का विक्रय **श्रीमती पारुल गुप्ता** क्रमशः श्री हरविन्दर सिंह व **श्री हरपन्त सिंह** एवं **श्री हरपन्त सिंह** एवं **श्री संजीव कुमार गुप्ता** के पक्ष में किया गया है। विक्रयोपरान्त नामान्तरण कार्यालय के आदेश संख्या- 291 दिनाक 03.09.2019 के दद्वारा श्री हरविन्दर सिंह एवं श्री हरपन्त के पक्ष में किया गया है। तपश्चात् उक्त भूखण्ड का विक्रय श्री हरविन्दर सिंह व श्री हरपन्त एवं श्री संजीव कुमार गुप्ता के द्वारा श्री जसमीत सिंह पुत्र श्री गुरदेव सिंह, श्री गुरमीत सिंह पुत्र श्री तिरथ सिंह, श्रीमती नवनीत कौर पत्नी श्री गुरमीत सिंह, श्री गुरदेव सिंह पुत्र श्री रामलाल सिंह एवं श्री तिरथ सिंह पुत्र श्री गोपाल सिंह के पक्ष में किया गया है। अब श्री जसमीत सिंह पुत्र श्री गुरदेव सिंह, श्री गुरमीत सिंह पुत्र श्री तिरथ सिंह, श्रीमती नवनीत कौर पत्नी श्री गुरसील सिंह, श्री गुरदेव सिंह पुत्र श्री रामलाल सिंह एवं श्री तिरथ सिंह पुत्र श्री. गोपाल सिंह के द्वारा विक्रय उपरान्त उक्त भूखण्ड का नामान्तरण अपने पक्ष में करने हेतु दिनाक 07.11.2025 को इस कार्यालय में संयुक्त प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया है।
यदि इस नामान्तरण के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति है, तो इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति उचित कारणों साक्ष्यों सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के उपरान्त कोई भी क्लेम । आपत्ति मान्य नहीं होगी। तथा परिषद नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

सम्पत्ति प्रबन्धक

